# सहोदय स्कूल संकुलों का 27वां राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन

## प्रेस प्रकाशनी

## प्रथम दिन - 17 जनवरी, 2022 - उद्घाटन सत्र

सीबीएसई द्वारा सहोदय समिति ग्वालियर की मेजबानी में आयोजित सहोदय स्कूल संकुलों का 27वां राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन 17 जनवरी 2022 को वर्चुअल मोड में आरंभ हुआ।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा ने मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता की और सम्मेलन को वर्चुअल मोड में आयोजित करने/ मेजबानी करने के लिए सहोदय समिति ग्वालियर के प्रयासों की सराहना की। अपने भाषण में, उन्होंने मध्य प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र के योगदान के बारे मे विचार साझा किए और श्रोतागण को स्वामी विवेकानंद की तालिम से प्रेरित किया कि शिक्षा कैसे हमें मानवीय गुणों से सुसज्जित करती है। अपने अनुकरणीय भाषण में, उन्होंने छात्रों को सत्य, ज्ञान और समग्र विकास की यात्रा पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि सरकार के प्रयासों से विकास हुआ है जिससे शैक्षिक संस्थानों तक राज्य-व्यापी पहुंच बनी है, और उन्होंने राज्य का भावी विकास के लिए नेतृत्व करने हेतु इस सम्मेलन के परिणामों पर आगे कार्य करने का इरादा जताया।

माननीय शिक्षा राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. सुभाष सरकार ने भी इस अवसर पर गरिमामय उपस्थिति दर्ज की। 'आओ कल के भारत की तस्वीर बनाएँ' के साथ अपने भाषण की शुरुआत करते हुए उन्होंने ज्ञान, एकता, सामूहिक चिंतन और सांस्कृतिक साझाकरण की सर्वोच्च शक्ति पर बल दिया। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विमोचन किए गए माइक्रो-लर्निंग कार्यक्रम पर भी प्रकाश डाला, जो एक सक्षमता-आधारित अधिगम प्रणाली पर केंद्रित है। माननीय मंत्री ने सभी संबद्ध स्कूलों को प्रभावी ढंग से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रदान करने के सीबीएसई के प्रयासों की सराहना की ताकि छात्रों को शिक्षा की सभी नवीनतम प्रवृत्तियों के साथ तालमेल बैठाने में सक्षम बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है और स्वतंत्रता के 75 वर्ष मनाने के विषय सहित सहोदय स्कूल संकुलों के 27वें सीबीएसई वार्षिक सम्मेलन की मेजबानी करते हुए यह उत्सव आयोजन का बेहतर तरीका (हो सकता) है।

माननीय शिक्षा राज्य मंत्री ने देश भर के सीबीएसई स्कूलों के युवा छात्रों के असाधारण कलात्मक कौशलों को प्रदर्शित करने वाली डिजिटल आर्ट गैलरी, नव-कला विथिका का उद्घाटन किया। उन्होंने देश की विरासत के संरक्षण पर प्रकरण अध्ययनों (case studies) से युक्त 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' विषय के तहत स्वतंत्रता के 75 वर्ष का जश्न मनाते हुए अमियोत्सव शीर्षक से युक्त एक ई-स्मारिका का भी विमोचन किया।

सभा को सीबीएसई के अध्यक्ष श्री मनोज आहूजा ने भी संबोधित किया। उन्होंने सीबीएसई के विकास और सहोदय परिसरों की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होने भावी उद्देश्यों के बारे संबोधित करते हुए वर्तमान समय के साथ शिक्षा प्रणालियों के विकास को अभिस्वीकृति दी और सम्मेलन का एक संक्षिप्त सिंहावलोकन पेश किया। श्री आहूजा ने बताया कि सीबीएसई अनुभवजन्य, वैज्ञानिक और सामाजिक कौशलों, सक्षमता-आधारित शिक्षा और सार्थक और आनंदमय शिक्षणशास्त्र के संयोजन की अवधारणा के साथ नवाचारयुक्त और बच्चों के अनुकूल शिक्षा का समर्थन करता है। उन्होंने शिक्षकों से छात्रों का 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियानों में भाग लेने में सहयोग करने का आग्रह किया।
इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भारत और विदेशों के स्कूल समुदाय से लगभग 15,000 प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

**टीम सीबीएसई**